egkRek xka/kh vUrjjk"Vªh; fgUnh fo'ofo|ky;] o/kkZ ¼egkjk"Vª½

¼laln }kjk ikfjr vf/kfu;e 1997] Øekad 3 ds varxZr LFkkfir dsUnzh; fo'ofo|ky;½

Mahatama Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(**A Central University** Established by Paliarment by Act No.3 of 1997)

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

दिनांक: 30/01/2020

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

माघ मेले में स्वच्छता पखवाड़े के तहत नाटक का आयोजन

आज दिनांक 30 जनवरी 2020 को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज (इलाहाबाद) में गांधी जी के पुण्य तिथि पर माघ मेला शिविर में गांधी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि

अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के अकादमिक निदेशक प्रोफेसर अखिलेश कुमार दुबे ने की। कार्यक्रम के दौरान एम.एस. डब्ल्यू. के विद्यार्थियों द्वारा गांधी जी द्वारा दिये गए स्वच्छता के संदेश को स्वच्छता पखवाड़े के तहत **स्वच्छता ही सेवा** विषय पर नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से गांधी जी के स्वच्छता के संदेश के प्रति विद्याथियों को जागरूक किया गया। गांधी जी की 150 वीं वर्ष जयंती पर वर्तमान सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन को लेकर चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही केंद्र के अकादमिक निदेशक ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक हम अपने आस पास स्थल को स्वच्छ नही रखेंगे , तब तक हम अपने शरीर को स्वच्छ नही रख पाएंगे अगर भारत को स्वच्छ बनाना है तो स्वच्छता का ख्याल करना होगा। उन्होंने विद्याथियों को जागरूक करते हुए कहा कि आप सबका भी यह कर्तव्य बनता है कि मेले में भी आप लोग प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का प्रयोग न करने का संकल्प करेंगे तथा अपने आस पास के वातावरण को साफ सुथरा रखेंगे । कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. प्रभात कुमार सिंह, डॉ. सुशील कुमार पांडेय, डॉ. अनुराधा पांडेय, डॉ. आशा मिश्रा, डॉ. ऋचा द्विवेदी , डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. गरिमा ,एम.एस. डब्ल्यू. के विद्यार्थी स्वामीनाथ, अरविंद यादव, आकांक्षा, नागेंद्र, नम्रता, दिलीप, त्रिभुवन यादव, निधि सिंह, विकास, राहुल, रितिका, ट्विकल, प्रमोद, आकाश सिंह, अंजली सिंह, मो.जाबिर, विनय, अमन, सायला सिद्दीकी, जया विश्वकर्मा, गौरव इत्यादि उपस्थित रहे।